Fourteenth Loksabha

**Session : 9**
**Date : 04-12-2006**

**Participants : Pateriya Smt. Neeta**

an>

Title: Need to provide adequate fertilizers to farmers of Madhya Pradesh.

**श्रीमती नीता पटैरिया (सिवनी)** महोदय,     मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार का ध्यान देश के विभिन्न राज्यों, विशो कर मध्य प्रदेश के किसानों की समस्या की ओर दिलाना चाहती हूं। मध्य प्रदेश में उर्वरकों की भारी कमी के कारण किसानों को बहुत असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। मध्य प्रदेश के किसान आंदोलन कर रहे हैं। मेरे संसदीय क्षेत्र सिवनी में किसानों को समय पर खाद न मिलने के कारण, किसानों में ओओभारी आक्रोश है। किसान अपनी फसलों की बुवाई समय पर नहीं कर पा रहे हैं, जिसके कारण इसका असर आने वाली फसल की पैदावार पर भी पड़ेगा। देश में खाद की कमी के कारण किसानों की समस्या बहुत गंभीर हो गयी है।

मेरा केन्द्रीय मंत्री जी से अनुरोध है कि देश के किसानों की इस गंभीर समस्या की ओर ध्यान देने की कृपा करें और किसानों को खाद वितरण के लिए उचित कदम उठाने के आदेश दें।